RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



## गुस्ताखी माफ



नेताओं को है बड़ा, इक-दूजे से प्यार।
जहां कहीं मौका मिले, कर देते इजहार।
कर देते इजहार, जहां भी मिलता मौका।
स्क्वायर कट मार, लगा देते हैं चौका।
कह साहिल कविराय, करें क्या आकाओं का।
इक-दूजे से प्यार, बड़ा है नेताओं का।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 25 | FRIDAY 06-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित, CA राजीव कौशल बने अध्यक्ष



लुधियाना, यूटर्न, 05 फरवरी। जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन (डायरेक्ट टैक्सेज), जो कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, एडवोकेट्स, कंपनी सेक्रेटरीज और इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर्स की एक प्रमुख संस्था है तथा जिसकी स्थापना वर्ष 1981 में हुई थी, के चुनाव हाल ही में सम्पन्न हुए। चुनाव के बाद एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें CA राजीव कौशल को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। वे इससे पहले उपाध्यक्ष और सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी सेवाएं दे चुके हैं। वहीं उअ वरुण गर्ग को वाइस प्रेसिडेंट, उअ साक्षी महाजन को सचिव, CA दिक्षित कपूर को जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एडवोकेट गुरजोत सिंह, उअ जतिंदर कुमार और उर एच.एस. निज्जर को एग्जीक्यूटिव मेंबर बनाया गया है।

नई कार्यकारिणी द्वारा आयकर विभाग के अधिकारियों और बार सदस्यों के साथ आयकर भवन, लुधियाना में वार्षिक इंटरएक्टिव मीट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुख्य आयकर आयुक्त (इन-सिटू) (इन्वेस्टिगेशन) डॉ. आशीष अब्रोल उपस्थित रहे। उनके साथ अतिरिक्त निदेशक आयकर (इन्वेस्टिगेशन) मोहित निगम, अतिरिक्त आयकर आयुक्त (सेंटर सर्किल) प्रशांत तनेजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन सचिव CA साक्षी महाजन ने किया। अध्यक्ष उअ राजीव कौशल ने अपने स्वागत भाषण में एसोसिएशन की गतिविधियों तथा सत्र 2026-27 के लिए अपनी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि बार और बेंच के बीच समन्वय से ही बेहतर परिणाम सामने आते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. आशीष अब्रोल ने कहा कि विकास के लिए अपनी जड़ों से जुड़े रहना और बदलते सिस्टम के साथ चलना जरूरी है। उन्होंने असेसीज को बेहतर सेवाएं देने के लिए कम त्रुटि वाले सिस्टम की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर वर्ष 2025 की कार्यकारिणी और सत्र 2026-27 की सपोर्टिंग कमेटियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 250 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। अंत में उर एच.एस. निज्जर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# मैगी के भारत में 50 साल पूरे, 'साथ होने के पल' पर जारी हुआ स्मारक डाक टिकट




चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट का अनावरण नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान की उपस्थिति में किया। यह डाक टिकट मैगी की उस यात्रा को समर्पित है, जिसने बीते पाँच दशकों में खुद को सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि भारतीय रसोई का अहम हिस्सा बना लिया।

मैगी ने नूडल्स से शुरू होकर मसाले, सॉस, सूप और रेडी-टू-कुक उत्पादों तक अपनी पहचान बनाई। हॉस्टल के कमरों से लेकर पारिवारिक रसोई और बड़े आयोजनों तक, मैगी अनगिनत भोजन पलों का हिस्सा रही है। '50 ईयर्स ऑफ टुगेदरनेस' थीम वाला यह डाक टिकट उन साझा अनुभवों, अपनापन और जुड़ाव का प्रतीक है, जो मैगी ने पीढ़ियों तक लोगों से जोड़ा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत का प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है और अग्रणी ब्रांड्स ने उपभोक्ताओं का विश्वास जीता है। उन्होंने 50 वर्ष पूरे करने पर मैगी को बधाई दी।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन मनीष तिवारी ने कहा कि भारत जैसे विविध देश में पाँच दशकों का सफर उपभोक्ताओं के भरोसे और प्रेम का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मैगी आगे भी लोगों के जीवन में गर्माहट, सुकून और साथ होने के पलों को जोड़ती रहेगी।

# 2,640 सोने और चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव: गिरावट के बाद तेजी से रिकवरी



चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। घरेलू कमोडिटी मार्केट में, चांदी की कीमतों में तेजी से गिरावट आई, टउ पर यह 9% गिरकर 2,44,654 पर आ गई। सोना भी कमजोर हुआ, 24-कैरेट सोना 1.25% गिरकर 1,51,127 पर आ गया, जो बाजारों में सतर्क माहौल को दिखाता है। हालांकि, गुरुवार को भारत में 24-कैरेट सोने की कीमतें 5,510 बढ़कर 1,59,730 प्रति 10 ग्राम हो गई। इसी तरह, 22-कैरेट सोने की कीमत 1,46,440 प्रति 10 ग्राम थी, जिसमें 5,050 की बढ़ोतरी हुई। इस बीच, चांदी की कीमतों में भी मजबूती आई, धातु की कीमत 3,37,100 प्रति किलोग्राम थी।

**सोने में निवेश क्यों करें...**सोने को व्यापक रूप से एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश विकल्प माना जाता है। यह महंगाई के खिलाफ एक मजबूत बचाव का काम करता है और आर्थिक अनिश्चितता के समय पोर्टफोलियो को स्थिर करने में मदद करता है। इसका लंबा समय तक चलने वाला मूल्य और लिक्विडिटी इसे निवेशकों के बीच पसंदीदा विकल्प बनाती है।

**चांदी में निवेश क्यों करें...**चांदी एक कीमती और औद्योगिक धातु के रूप में अपनी दोहरी भूमिका के कारण एक आकर्षक निवेश बनी हुई है। भारत के ज्वेलरी बाजार में इसकी मजबूत मांग बनी हुई है, जबकि सीमित उपलब्धता आपूर्ति पर दबाव डाल रही है। समय के साथ कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद के साथ, चांदी संभावित रिटर्न देती है और कई निवेशकों के लिए सोने की तुलना में अधिक किफायती है।

**भारत में मुख्य कीमतें**

**सोना :**

24-कैरेट सोना (10 ग्राम): 1,59,730
22-कैरेट सोना (10 ग्राम): 1,46,440

**चांदी**

चांदी (1 किलो): 3,37,100

प्रमुख शहरों में सोने की कीमतें (प्रति 10 ग्राम)

बेंगलुरु: 1,59,560 चेन्नई: 1,62,680
दिल्ली: 1,59,730
कोलकाता: 1,59,570
मुंबई: 1,59,590 पुणे: 1,59,610

**प्रमुख शहरों में चांदी की कीमतें (प्रति 10 ग्राम)**

बेंगलुरु: 3,311 चेन्नई: 3,341
दिल्ली: 3,371 कोलकाता: 3,321
मुंबई: 3,361 पुणे: 3,381

**वैश्विक बाजार के संकेत**

गुरुवार को व्यापक बाजार में बिकवाली के बीच सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई, क्योंकि मजबूत डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार तनाव में कमी के संकेतों का कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा।

स्पॉट गोल्ड 0402 GMT तक 1.7% गिरकर $4,876.12 प्रति औंस हो गया, जो सत्र की शुरूआत में लगभग एक सप्ताह के उच्च स्तर से नीचे आ गया। इस बीच, अप्रैल डिलीवरी के लिए अमेरिकी गोल्ड वायदा भी 1.1% गिरकर $4,896.30 प्रति औंस हो गया। स्पॉट चांदी भी 12.4% गिरकर $77.09 प्रति औंस हो गई। एशियाई बाजार में, चांदी में 15% तक की गिरावट आई, जबकि सोने में 3.5% तक की गिरावट आई, जो शुक्रवार को शुरू हुई ऐतिहासिक बाजार बिकवाली से दो दिनों की रिकवरी के बाद एक तेज उलटफेर का संकेत है। कीमती धातुओं पर दबाव इसलिए आया क्योंकि टेक्नोलॉजी शेयरों में वैश्विक बिकवाली एशियाई बाजारों में फैल गई, क्योंकि निवेशक उच्च वैल्यूएशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भारी खर्च को लेकर तेजी से घबरा गए थे। जैसे-जैसे जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी, निवेशकों ने बाजारों में अपना निवेश कम कर दिया।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 25 | FRIDAY 06-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

10th EDITION गमसा एक्सपो 2026
GMMSA EXPO INDIA
REGISTER ONLINE WWW.GMMSAEXPO.COM
6-7-8-9 FEBRUARY, 2026
Dana Mandi, Bahadur Ke Road,
Nr. Jalandhar Bye Pass Ludhiana (Punjab), INDIA
M: 99885-18082, 98158-23182, Email: gmmsaindia@gmail.com

# डिलिवरी के बाद मां-बच्चे की मौत, नवजात को मनहूस बता पिता छोड़ गया लाश

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 05 फरवरी। लुधियाना सिविल अस्पताल में दो दिन के मासूम की मौत के कई दिन बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। नवजात का पिता उसे लेने नहीं आया, जबकि बच्चे के दादा-दादी अस्पताल पहुंचे। बच्चे की हालत देख वह खूब रोए और उन्होंने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार नवजात को अंतिम विदाई दी। दरअसल बच्चे के पैदा होने के दो दिन बाद उसकी मां की मौत हो गई। उसके अगले दिन नवजात भी इस दुनिया को अलविदा कर गया। वहीं नवजात के पिता ने बच्चे को मनहूस बताते हुए उसका अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और अस्पताल से पत्नी का शव लेकर चला गया।

पिछले एक महीने से शव सिविल अस्पताल की मार्चरी में पड़ा था। अस्पताल प्रशासन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और पुलिस ने पिता का काफी ढूंढा लेकिन वह नहीं मिला। वहीं पुलिस को नवजात के दादा-दादी का पता मिल गया। उन्हें सिविल अस्पताल बुलाया गया और बच्चे का शव उन्हें सौंपा गया। बच्चे के शव की हालत देख वह भी फूट-फूट कर रोए और उन्होंने रीति रिवाजों के साथ बच्चे के शव को दफनाया। जानकारी के अनुसार

## दादा-दादी पहुंचे तो खूब रोए



दिसंबर 2025 में ममता नाम की महिला को उसके पति बनारसी दास ने सिविल अस्पताल में दाखिल कराया था। ममता मूल रूप से बिहार के जिला सहारण की रहने वाली थी और यहां जंडियाली इलाके में किराए के मकान में पति रहती थी। 31 दिसंबर को उसकी प्री मच्योर डिलिवरी हुई। बच्चा उस समय पूरी तरह से स्वस्थ था, लेकिन उसके फेफड़े कमजोर थे। पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह उसका इलाज करा सके। हालांकि डॉक्टरों ने पहल के आधार पर बच्चे को इलाज के लिए निरानी में रखा हुआ था। दो दिन इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। अगले ही दिन बच्चे की मां ममता (काल्पनिक नाम )की भी मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल के स्टाफ ने बनारसी दास (काल्पनिक नाम ) को इसकी जानकारी दे दी। क्रूर पिता ने पत्नी की मौत का जिम्मेदार उस मासूम को बताया। वह पत्नी का शव तो ले गया, लेकिन दो दिन के मासूम का शव वहीं छोड़ कर चला गया। सिविल अस्पताल के डॉ. रोहित रामपाल के मुताबिक जब पिता बच्चे को लावारिस छोड़ गया था तो शव मोर्चरी में रखवा दिया था। इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बनारसी दास के बारे में काफी पता किया, लेकिन पता नहीं चल पाया। कहीं से उसके परिवार का पता चला तो पुलिस ने संपर्क किया। बिहार से उसके दादा-दादी को बुलवाया गया। सारी बात बताई गई तो वह भी रोने लगे। पुलिस ने बच्चे का शव दादा-दादी को सौंपा और वह रीति रिवाजों के साथ शव दफना कर चले गए।

# पीएम मोदी का कांग्रेस पर तंज- 'ये लोग प्रधानमंत्री पद को अपने परिवार की जागीर मानते हैं'

नई दिल्ली, 5 फरवरी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग किस प्रकार के संस्कारों से पले-बढ़े लोग हैं। वर्ष 2002 से लगभग बीते 25 वर्षों में संसद का एक भी सत्र ऐसा नहीं गया, जिसमें मोदी को गाली देने का काम न किया गया हो।



# DGP दफ्तर पहुंचे सुखबीर बादल, खुद को गिरफ्तार करने की कही बात

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 5 फरवरी। शिरोमणि अकाली दल के प्रेसिडेंट सुखबीर सिंह बादल आज पार्टी की पूरी कोर कमेटी के साथ चंडीगढ़ में DGP ऑफिस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर पॉलिटिकल बदले की भावना से उनके पर्सनल बिजनेस को टारगेट करने के कड़े आरोप लगाए।

सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब सरकार ने 328 पवित्र स्वरूपों के मामले में SIT बनाई है और उनके पर्सनल बिजनेस की जांच कर रही है ताकि उनके खिलाफ झूठा केस दर्ज किया जा सके। बादल ने आरोप लगाया कि पुलिस टीमें उनके अकाउंटेंट और दूसरे कर्मचारियों के परिवारों को परेशान कर रही हैं। उन्होंने साफ किया कि इन लोगों का शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) से कोई लेना-देना नहीं है। DGP ऑफिस के बाहर बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं खुद को



गिरफ्तार करने आया हूं। अगर कोई एक्शन लेना है तो मुझ पर करो, मेरे खिलाफ केस दर्ज करो और जांच करो। लेकिन सरकार मेरी पीठ पीछे दूसरे लोगों को परेशान करना बंद करे। अकाली दल लीडरशिप ने इसे डेमोक्रेसी का उल्लंघन बताया। पार्टी के सीनियर नेताओं ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्षी नेताओं पर दबाव बना रही है।

# युवाओं को खेलों से जोड़ने का मंच बना तीजमाल क्रिकेट टूनार्मेंट-शक्तिरानी शर्मा

पंचकुला, यूटर्न, 05 फरवरी। कालका की विधायक शक्तिरानी शर्मा और पंचकूला भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने मंगलवार को तीजमाल क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित इस टूनार्मेंट में आयोजक एवं टूनार्मेंट प्रबंधक पंकज लिड्डू और विपिन लिड्डू ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह क्रिकेट टूनार्मेंट उनकी दादी तीज माल की स्मृति में प्रारंभ किया गया था, जो पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा है। अब इस टूनार्मेंट ने विभिन्न राज्यों में भी अपनी पहचान बना ली है। विपिन लिड्डू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष टूनार्मेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें विभिन्न प्रदेशों की टीमें शामिल हैं। टूनार्मेंट का शुभारंभ 4 फरवरी को किया गया है, जबकि फाइनल मुकाबला और समापन समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। टूनार्मेंट में लगभग 5 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि रखी गई है। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, बेस्ट



बैट्समैन, बेस्ट बॉलर सहित अन्य श्रेणियों में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी खेल नीतियां लागू कर रही है। खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों, पुरस्कारों और विभिन्न सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों ही खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे टूनार्मेंट युवाओं को मंच प्रदान करते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री जय कौशिक, महिला जिला प्रधान अनुराधा पुरी, मंडल महामंत्री पुष्पा सिंहरोहा, अजय कुंडलस, निर्मल चंद धीमान, रंजीत सिंह, दीपक कुमार, बबली शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जीरकपुर में शोरूम से चोरी का मामला दर्ज, दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

जीरकपुर, यूटर्न, 05 फरवरी। जीरकपुर थाना क्षेत्र में एक शोरूम से कीमती सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पंचकूला निवासी एक सेवानिवृत्त व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पंचकूला के सेक्टर-16 निवासी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका एससीओ नंबर-20, रंजन प्लाजा, पाम एन्क्लेव, जीरकपुर में शोरूम है। शोरूम की पहली मंजिल खाली थी, जहां एल्यूमिनियम के दरवाजे, केबिन, एक विंडो एसी, एक इन्वर्टर, एक्साइड कंपनी की दो बैटरियां, तीन सीलिंग फैन, पानी की टोंटियां, बिजली की वायरिंग और अन्य सामान लगा हुआ था। संजीव कुमार गुप्ता के अनुसार 24 दिसंबर 2025 को जब उन्होंने शोरूम का निरीक्षण किया तो पहली मंजिल से सारा सामान गायब मिला। अपनी ओर से जांच करने पर उन्हें पता चला कि यह चोरी दीपक पुत्र हुशियार सिंह निवासी मली जागरां, चंडीगढ़ और उसके साथी सोनू निवासी मौली जागरां, चंडीगढ़ द्वारा की गई है।

मामले की जांच के बाद जीरकपुर थाना पुलिस ने आरोपी दीपक और सोनू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(3), 305(ए) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पंचकुला की टीम ने चोरी की एक्टिवा सहित आरोपी को किया काबू

पंचकुला, यूटर्न, 05 फरवरी। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पंचकुला की टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में वाहन चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी की गई एक्टिवा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोबर पुत्र जान मोहम्मद, निवासी गांव पत्तन, थाना पिंजौर, जिला पंचकुला (उम्र 27 वर्ष) के रूप में हुई है।




जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-05 पंचकुला में दिनांक 11 दिसंबर 2025 को प्रवीन कुमार निवासी सुषमा इलाइट क्रॉस, ढकौली जिला मोहाली (पंजाब) द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि उनकी एक्टिवा सेक्टर-05 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम की पार्किंग से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। शिकायत के आधार पर मुकदमा धारा 303 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। काफी दिनों तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा व जांच जारी रही।

मामले की जाँच के दौरान, एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पंचकुला को गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर आरोपी मनोबर को काबू कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी से एक्टिवा बरामद करके,दस्तावेजों को विधि अनुसार पुलिस कब्जे में लिया गया।

चोरीशुदा वाहन की बरामदगी होने पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पंचकुला ने आमजन से अपील की है कि वाहन चोरी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# वोटर लिस्ट की सटीकता के लिए CEO अनिंदिता मित्रा सख्त; DCs को दिए निर्देश

चंडीगढ़, युटर्न, 05 फरवरी। पंजाब की चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर अनिंदिता मित्रा ने वोटर रोल के मैनेजमेंट से जुड़ी अलग-अलग एक्टिविटी की प्रोग्रेस का रिव्यू करने के लिए राज्य के सभी डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर-कम-डिप्टी कमिश्नर के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान, पंजाब के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने वोटर मैपिंग एक्टिविटी का रिव्यू किया और चुनावी जानकारी की प्लान्ड कवरेज, एक्यूरेसी और समय पर अपडेट पक्का करने के लिए जिलेवार प्रोग्रेस का रिव्यू किया।



मीटिंग के दौरान, उन्होंने चुनाव फॉर्म के कलेक्शन और डिस्पोजल के स्टेटस का भी रिव्यू किया, जिसमें खराब पहचान वाली फोटो और गलत एंट्री से जुड़े मामलों को हल करने पर खास जोर दिया गया। इस दौरान, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर को निर्देश दिया गया कि वे ऐसे मामलों का तय प्रोसीजर के अनुसार सख्ती से तुरंत डिस्पोजल पक्का करें। इसके साथ ही, एफ्छ नेट पर पेंडिंग एप्लीकेशन पर भी डिटेल में चर्चा की गई और चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने लिस्ट की इंटीग्रिटी और एक्यूरेसी बनाए रखने के लिए वोटर रोल की लगातार मॉनिटरिंग और तेजी से डिस्पोजल की जरूरत पर जोर दिया।

इस बीच, चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने एउकनेट पर 'बुक अ कॉल' फीचर के बारे में जागरूकता फैलाने की अहमियत पर भी जोर दिया, जिसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) वोटर्स को ट्रांसपेरेंट और टाइम पर शिकायत सुलझाने के लिए कॉल-बैक सपोर्ट देते हैं। इसके अलावा, डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्रीज (DSE) से जुड़े मामलों का भी रिव्यू किया गया, और जिलों को डुप्लीकेट एंट्रीज से बचने और इलेक्टोरल रिकॉर्ड की यूनिकनेस पक्का करने के लिए बहुत ध्यान से वेरिफाई करने का निर्देश दिया गया।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III शुक्रवार, 06 फरवरी 2026



पेज 08 सियासी दलों की खींचतान में आम जनता हाशिये...

# भारत 22 किमी चौड़े चिकन्स नेक के नीचे एक अंडरग्राउंड रेलवे बना रहा

**चंडीगढ़/यूटर्न/5 फरवरी। पिछले कुछ दशकों में, भारत का स्ट्रेटेजिक रूप से महत्वपूर्ण चिकन्स नेक कॉरिडोर हमेशा एक प्रेशर पॉइंट रहा है। नॉर्थईस्ट के लिए भारत का एकमात्र जमीनी रास्ता चीन द्वारा बार-बार, और हाल ही में बांग्लादेश द्वारा, डराने-धमकाने की टैक्टिक के रूप में इस्तेमाल किया गया है। और अब, भारत सचमुच अपने सबसे कमजोर पॉइंट को मजबूत करने के लिए गहरी खुदाई कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 40 km लंबे चिकन्स नेक सेक्शन, जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी कहा जाता है, के नीचे एक अंडरग्राउंड रेलवे ट्रैक बनाने की योजना चल रही है। वैष्णव ने मंगलवार को रिपोर्टर्स से कहा, नॉर्थईस्ट को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले स्ट्रेटेजिक कॉरिडोर के लिए एक खास प्लान बनाया गया है। अंडरग्राउंड रेलवे ट्रैक बिछाने और मौजूदा ट्रैक को चार लाइनों में अपग्रेड का काम चल रहा है। ये अंडरग्राउंड रेल लाइनें बंगाल में टिन माइल हाट से रंगापानी तक चलेंगी, 20-24 मीटर गहराई पर बिछाई जाएंगी। अब, इन दो स्टेशनों को क्यों चुना गया? यह सब जगह की बात है।**




## दार्जिलिंग में मौजूद है टिन माइल हाट

टिन माइल हाट बंगाल के दार्जिलिंग ज़िले के रंगापानी ब्लॉक में है, जो सिलीगुड़ी से लगभग 10 किमी दूर है। यह बांग्लादेश बॉर्डर के पास है। असल में, बांग्लादेश का पंचगढ़ ज़िला सिर्फ.68 किमी दूर है। अब, इससे पहले कि हम इस बात पर बात करें कि भारत अंडरग्राउंड रेल कॉरिडोर क्यों बना रहा है, आइए चिकन नेक की अहमियत को समझने के लिए थोड़ा समय निकालें।

## चिकन नेक क्यों जरूरी है ?

चिकन नेक जमीन की एक पतली पट्टी है, लगभग 22 किमी चौड़ी, जो मुख्य जमीन को भारत के आठ उत्तर-पूर्वी राज्यों से जोड़ती है। असल में, यह उत्तर-पूर्व का एकमात्र जमीनी पुल है और इसमें हाईवे, रेल लिंक, फ़्यूल लाइन और जरूरी मिलिट्री सप्लाई रूट हैं। स्ट्रेटेजिक रूप से, चिकन नेक कॉरिडोर एक चौराहे पर है झ जिसके दक्षिण में बांग्लादेश, पश्चिम में नेपाल और उत्तर में चीन की चुम्बी घाटी है। जरूरी बात यह है कि चुम्बी वैली में चीनी सेना की स्ट्रेटेजिक गहराई है। इसलिए, मुश्किल हालात में, यह कॉरिडोर कई मोर्चों पर दबाव के लिए कमजोर रहता है। कोई भी रुकावट न सिर्फ.नॉर्थईस्ट को अलग-थलग कर देगी, बल्कि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ अपनी सीमा पर भारत की स्थिति को भी कमजोर कर देगी, जिस पर बीजिंग दावा करता है।

## कनेक्टिविटी हमेशा भारत के लिए कमजोरी रही

पिछले कुछ सालों से, इस इलाके में सुरक्षित कनेक्टिविटी हमेशा भारत के लिए एक कमजोरी रही है। उन्नीथन के मुताबिक, केंद्र सरकार का यह कदम बदलते जियोपॉलिटिकल माहौल में सबसे तेज स्ट्रेटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिस्पॉन्स में से एक है। केंद्र सरकार के इस कदम की तारीफ करते हुए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि इस लंबे समय से चली आ रही स्ट्रेटेजिक कमजोरीर को 1971 के बाद, बांग्लादेश बनने के बाद बहुत पहले ही ठीक कर लेना चाहिए था। सरमा ने ट्वीट किया, श्प्रस्तावित अंडरग्राउंड रेल लिंक एक बड़ी स्ट्रेटेजिक अचीवमेंट है जो नॉर्थईस्ट और देश के बाकी हिस्सों के बीच एक सुरक्षित और फुलप्रूफ ट्रांसपोर्टेशन कॉरिडोर बनाएगा।

## अंडरग्राउंड रेल कैसे मदद करेगी ?

रेलवे माल ढोने का सबसे तेज तरीका है, एक मालगाड़ी 300 ट्रकों के बराबर माल ले जा सकती है। अभी, चिकन नेक कॉरिडोर में ज्यादातर इंफ्रास्ट्रक्चर जमीन के ऊपर है और मिसाइल हमलों या प्राकृतिक आपदाओं के लिए कमजोर है। डिफेंस एक्सपर्ट संदीप उन्नीथन ने बताया कि एक अंडरग्राउंड रेलवे सेक्शन इसे बाहरी हमलों हवा, तोपखाने और ड्रोन से बचाएगा। किसी भी टकराव की स्थिति में, ऐसे अंडरग्राउंड कॉरिडोर सैनिकों, फ्यूल और जरूरी सिविलियन सप्लाई की बिना रुकावट आवाजाही सुनिश्चित करेंगे।

## अंडरग्राउंड रेल लिंक की जरूरत क्यों ?

पिछले एक दशक में, चीन डोकलाम और अरुणाचल प्रदेश के पास हर मौसम में काम करने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर का एक बड़ा नेटवर्क बना रहा है। बांग्लादेश में हाल की राजनीतिक उथल-पुथल ने भारत की चिंताएं और बढ़ा दी हैं, जिससे दोनों देशों के बीच रिश्ते सालों में सबसे निचले लेवल पर आ गए हैं। हाल के महीनों में, बांग्लादेश में कट्टरपंथी आवाजों से भारत के चिकन नेक कॉरिडोर को खत्म करने की धमकी देने वाले बयानों में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस को फिर से डेवलप करने के बांग्लादेश के कदम से नई दिल्ली के डिफेंस सर्कल में बेचैनी पैदा हो गई है।

# चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी की ओर से एफसीसी कमेटी के लिए पार्षद जसबीर सिंह बंटी नियुक्त

पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/5 फरवरी। चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष श्री एच. एस. लकी जी ने नगर निगम चंडीगढ़ की एफसीसी (फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी) के लिए पार्षद जसबीर सिंह बंटी को कांग्रेस पार्टी की ओर से अधिकृत कैंडिडेट नियुक्त किए जाने की घोषणा की है।



इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष श्री एच. एस. लकी जी ने बताया कि नगर निगम की एफसीसी कमेटी जनरल हाउस के बाद सबसे महत्वपूर्ण कमेटी मानी जाती है, जो शहर के विकास, वित्तीय मामलों और ठेके से जुड़े अहम निर्णय लेती है। इन्हीं जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने पार्षद जसबीर सिंह बंटी को इस महत्वपूर्ण कमेटी के लिए नामित किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चंडीगढ़ के समग्र और संतुलित विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा मजबूती से खड़ी रही है। पार्षद जसबीर सिंह बंटी के अनुभव, ईमानदार कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि वे एफसीसी कमेटी में जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएंगे और शहर के विकास को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर पार्षद सचिन यादव ने प्रस्तावक (प्रोपोजर) तथा पार्षद गुरप्रीत सिंह गापी ने समर्थक (सेकेंडर) के रूप में समर्थन दिया।

## बलजिंदर सिंह बंटी ने पंजाब राज्य वन विकास निगम के वाइस चेयरमैन का पदभार संभाला



चंडीगढ़, यूटर्न 05 फरवरी। बलजिंदर सिंह बंटी ने बुधवार को सेक्टर-68, मोहाली स्थित वन परिसर में पंजाब राज्य वन विकास निगम (पीएसएफडीसी) के वाइस चेयरमैन के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक तथा रक्षा सेवाएं कल्याण, स्वतंत्रता सेनानी एवं बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान वन मंत्री लाल चंद कटारूचक ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान का आभार जताते हुए कहा कि बलजिंदर सिंह बंटी को यह जिम्मेदारी सौंपकर सरकार ने विभाग को मजबूत नेतृत्व दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए वाइस चेयरमैन पौधरोपण, हरियाली विस्तार और वन संरक्षण से जुड़े विकास-केंद्रित एजेंडे को और तेजी देंगे।

कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने बंटी को बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति एक जमीन से जुड़े समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान देने का प्रतीक है, जो राज्य के पर्यावरण संरक्षण अभियानों को नई दिशा देगा। पद संभालने के बाद बलजिंदर सिंह बंटी ने अरविंद केजरीवाल, पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया, मुख्यमंत्री भगवंत मान और वन मंत्री लाल चंद कटारूचक का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे सरकार की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वन विकास निगम के माध्यम से पौधरोपण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर पंजाब गऊ सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन कीमती भगत, पीएसएफडीसी के चेयरमैन राकेश पुरी, मुख्य वन्यजीव वार्डन बसंता राज कुमार तथा एपीसीसीएफ एवं सीईओ (पनकैंपा) सौरभ गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## वार्ड 23 पार्षद प्रेम लता ने किया मार्केट की फुटपाथ का की मरम्मत का उद्घाटन



चंडीगढ़, यूटर्न 05 फरवरी। वार्ड 23 में सेक्टर 35 सी और डी की अंदर वाली मार्केट में दुकानों के बाहर फुट पाथ की मरम्मत का काम शुरू करने का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर वार्ड 23 की पार्षद प्रेमलता के साथ निजी दुकानदार भी उपस्थित रहे । उद्घाटन नारियल तोड़ कर किया गया वह साथ में अरदास भी करी गई और मिठाई बांटी गई । पार्षद ने बताया कि जिन दुकानों के सामने बनी फुटपाथ टूटी हुई है , उसे ठीक किया जाएगा और जहां नए पत्थर लगाने की जरूरत वहाँ नए पत्थर लगाके काम पूरा किया जाएगा । आते जाते व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी ना हो इसलिए यह काम जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद प्रेमलता के साथ एक्सियन अंकुर बंसल , एसडीओ अखिल , जेई अमन पुरषोत्तम सिंह ,महिंदर सिंह , राजवंत सिंह , राजन शर्मा , इशप्रीत सिंह, अशोक बंसल अरुण , मोना इलेक्ट्रिकल्स , अमरजीत सिंह , हरजिंदर तुंग वह अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# कलयुग में मां बगलामुखी की पूजा व अराधना शीघ्र फलदायी : महंत प्रवीण जी









Sh. SANDEEP GUPTA Shree Nath syncots pvt. Ltd.



Invited Mr Gagan Ajit Singh ( SSP Malerkotla )

लुधियाना, यूटर्न, 05, फरवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक किया जाएगा। अखंड महायज्ञ की तैयारियों पूरे देश में जोरो शोरो से चल रही है ।सेवकों की तरफ से देश भर में महायज्ञ को लेकर गणमान्यों को भाव सहित मां का बुलावा ( निमंत्रण ) भेंट किए जा रहे है उपरोक्त जानकारी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी ने मलेरकोटला के एसएसपी गगन अजीत सिंह, श्रीनाथ सीनकोटस प्राइवेट लिमिटेड के संदीप गुप्ता सहित मां बगलामुखी के भक्तों, धार्मिक, सामाजिक व

**देश भर में चल रही मां बगलामुखी धाम में आयोजित 243 घंटे के अखंड महायज्ञ की तैयारियां**

राजनितिक प्रतिनिधियों भेंट करते हुए कहे । अखंड महायज्ञ की महत्वता बताते हुए महंत प्रवीण जी ने कहा कि कलयुग में मां बगलामुखी की पूजा व अराधना शीघ्र फलदायी है। मां बगलामुखी यज्ञ में आहूतिया डालने से वाक सिद्धि, और कानूनी मुकदमों में विजय प्राप्त होती है । धाम के मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल ने बताया कि देश भर से मां बगलामुखी के भक्त धाम पधार कर अखंड महायज्ञ के सेवाधिकार प्राप्त कर रहे है । वही अखंड महायज्ञ के लिए भव्य पंडाल की तैयारियां जोरो शोरो से चल रही है । सेवक नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन,रमन घई, जतिन्द्र सूद, दिनेश रल्ली, वरूण जैन ने कहा कि महायज्ञ विश्व में सदभावना का संदेश पंहुचाएगा। उन्होने कहा कि अखंड महायज्ञ के लिए महिला भक्त भी सेवाधिकार प्राप्त कर रही है । इस अवसर पर मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, प्रशोतम चौधरी, बौवी मक्कड, गुनीत खेड़ा, गौतम सचदेवा, नरेन्द्र महाजन, इकबाल सिंह, वरुण दत्त , अजय जैन, राहुल व अन्य भी उपस्थित थे ।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Sub Judice: मामला अदालत में हो तो बाहर बहस क्यों रोकी जाती है?**

अक्सर सुनने में आता है— 'यह मामला Sub Judice है।' खासकर मीडिया बहसों, सार्वजनिक बयानबाजी या प्रशासनिक निर्णयों के संदर्भ में यह शब्द इस्तेमाल किया जाता है। Sub Judice का सीधा अर्थ है—मामला अभी अदालत में लंबित है और उस पर न्यायिक विचार चल रहा है।

जब कोई विवाद अदालत के समक्ष होता है, तो कानून यह अपेक्षा करता है कि उसका निर्णय अदालत ही करे। यदि उसी विषय पर बाहर सार्वजनिक बहस, दबाव या टिप्पणी शुरू हो जाए, तो इससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसलिए Sub Judice का सिद्धांत अपनाया जाता है, ताकि निष्पक्ष सुनवाई में किसी तरह का हस्तक्षेप न हो। Sub Judice का मतलब यह नहीं है कि किसी मुद्दे पर बात करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। लेकिन उसी विवाद के गुण-दोष पर ऐसे बयान देना, जो अदालत के निर्णय को प्रभावित कर सकते हों, अनुचित माना जाता है। यही कारण है कि सरकारी अधिकारी, संस्थाएँ और कभी-कभी मीडिया भी "Sub Judice matter" कहकर टिप्पणी से बचते हैं।

यह सिद्धांत न्यायिक सम्मान से जुड़ा है। अदालतों की गरिमा बनी रहे और पक्षकारों को बिना दबाव के सुनवाई का अवसर मिले—यही इसका उद्देश्य है। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर Sub Judice मामले पर ऐसा आचरण करता है, जिससे न्याय प्रभावित हो, तो उसे गंभीरता से देखा जा सकता है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि Sub Judice कोई तकनीकी बहाना नहीं, बल्कि न्याय की निष्पक्षता का सुरक्षा कवच है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि फैसला सबूतों और दलीलों के आधार पर हो, न कि बाहरी शोर-शराबे से।

निष्कर्ष: Sub Judice सिद्धांत न्यायिक प्रक्रिया की शांति बनाए रखने के लिए है। जब मामला अदालत में हो, तो बहस का मंच वही होना चाहिए। न्याय तभी सशक्त रहता है, जब उसे बिना बाहरी दबाव के काम करने दिया जाए।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

### शांति न चाहने वाले लोग



हमारे समाज में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें शांति पसंद नहीं होती। ऐसे लोग हमेशा तनाव, झगड़े और विवाद फैलाने की कोशिश करते हैं। वे अफवाहें फैलाकर, लोगों के बीच गलतफहमियाँ पैदा करके और हिंसा को बढ़ावा देकर माहौल को खराब करते हैं। इन्हें दूसरों की खुशी और सामूहिक तरक्की से जलन होती है ।ये लोग अक्सर अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए समाज को बाँटते हैं झ्र कभी जाति के नाम पर, कभी धर्म के नाम पर। सोशल मीडिया पर भी यह लोग नफरत फैलाने वाले संदेशों को आगे बढ़ाते हैं। ऐसे लोगों के कारण समाज में डर, असुरक्षा और अस्थिरता का माहौल बनता है। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। शांति और सद्भावना को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक और एकजुट होना होगा। शिक्षा, संवाद और समझदारी से हम समाज में फैली नकारात्मक सोच को हरा सकते हैं। अगर हर व्यक्ति अपने स्तर पर शांति बनाए रखने की कोशिश करे, तो ऐसे लोग समाज में खुद ही कमजोर पड़ जाएंगे। शांति ही प्रगति की पहली शर्त है। हमें यह तय करनाहोगा कि हम नफरत नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव के रास्ते पर चलें।

# डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर में वर्मी कम्पोस्टिंग पर कार्यशाला आयोजित



लुधियाना, यूटर्न, 05 फरवरी। डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर, लुधियाना के इको क्लब ने सी2सी पहल के अंतर्गत वर्मी कम्पोस्टिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के तहत पीएससीएसटी व डीएवी कॉलेज, जालंधर के सहयोग से तथा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें शिक्षक, बस चालक, कंडक्टर व सहायक स्टाफ ने भाग लिया। इको क्लब सदस्यों ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया और जैव कचरे के सही प्रबंधन की जानकारी दी। प्रधानाचार्य श्रीमती जे.के. सिद्धू ने पहल की सराहना करते हुए सभी को पर्यावरण-अनुकूल जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नाबालिग किशोरी लापता, बहला-फुसलाकर ले जाने का शक

जीरकपुर, यूटर्न, 05 फरवरी। जीरकपुर के आदर्श नगर इलाके से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। आदर्श नगर निवासी नाजमा बी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ढाबा चलाती हैं और चार बच्चों की मां हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी मन्नतशा (15) कभी स्कूल नहीं गई और घर पर ही रहती थी। 31 जनवरी 2026 को सुबह करीब आठ बजे वह घर से ढाबे पर काम के लिए चली गई थीं। दोपहर करीब तीन बजे उन्होंने अपनी ननद सइस्ता को फोन कर बेटी के बारे में पूछा, तो बताया गया कि मन्नतशा कुछ देर पहले घर से बाहर गई है। नाजमा बी के अनुसार मन्नतशा घर से 20 हजार रुपये नकद और अपना आधार कार्ड भी साथ ले गई थी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। मां को शक है कि किसी अज्ञात युवक ने शादी का झांसा देकर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले में जीरकपुर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) व 96 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने किशोरी की तलाश तेज कर दी है और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों को भी मामले की सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी को बरामद कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीजीआई सेमिनार में आए डॉक्टर से ऑटो में बर्बरता

## सुनसान इलाके में ले जाकर चाकू दिखाया, मारपीट कर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करवाया

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। शहर में बाहरी लोगों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हैदराबाद से पीजीआई चंडीगढ़ में आयोजित सेमिनार में शामिल होने आए एक डॉक्टर के साथ ऑटो चालक और उसके साथियों ने लूट और हिंसा की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित डॉक्टर की पहचान डॉ. अनिल के रूप में हुई है, जो मंगलवार रात चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन से बाहर निकलते ही उन्होंने एक ऑटो लिया, जिसमें चालक के अलावा पहले से ही दो युवक सवार थे। डॉक्टर को पीजीआई जाना था, लेकिन ऑटो चालक ने रास्ता भटकाते हुए उन्हें अलग-अलग इलाकों में घुमाना शुरू कर दिया।




### इंडस्ट्रियल एरिया में रोका ऑटो, फिर हमला

जब ऑटो इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के अंतर्गत एक सुनसान स्थान पर पहुंचा, तो आरोपियों ने अचानक ऑटो रोक दिया और डॉक्टर पर हमला कर दिया। डॉक्टर के अनुसार, आरोपियों के पास तेजधार हथियार थे और विरोध करने पर उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। हमले में डॉक्टर के हाथ, जांघ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं।

### गूगल-पे से पैसे ट्रांसफर कराए, मोबाइल-लैपटॉप भी छीना

मारपीट के दौरान आरोपियों ने डॉक्टर से गूगल-पे का पासवर्ड पूछकर जबरन खाते से पैसे ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद आरोपी उनका मोबाइल फोन और लैपटॉप लूटकर फरार हो गए। जाते-जाते आरोपियों ने घायल डॉक्टर को सड़क पर धक्का देकर गिरा दिया।

### अस्पताल में इलाज, फिर हैदराबाद रवाना

घायल डॉक्टर ने किसी तरह राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी। उन्हें इलाज के लिए सेक्टर-32 अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर के साथी उन्हें वापस हैदराबाद ले गए ।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेलवे स्टेशन से लेकर इंडस्ट्रियल एरिया तक के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# बोर्ड परीक्षा के बीच तेज डीजे बना परेशानी, छात्रों और स्थानीय लोगों में रोष

जीरकपुर, यूटर्न, 05 फरवरी। ढकोली क्षेत्र के वसंत विहार फेज-2, गुलमोहर ट्रेंड्स और वेलिंगटन एस्टेट के छात्रों व स्थानीय निवासियों ने पास स्थित एक सामुदायिक केंद्र में शादी-विवाह व अन्य आयोजनों के दौरान लगातार बजाए जा रहे तेज डीजे संगीत पर गंभीर आपत्ति जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समय सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में छात्रों को पढ़ाई और मानसिक एकाग्रता के लिए शांत वातावरण की सख्त जरूरत है।

निवासियों के अनुसार दिन के समय भी अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसके अलावा कई बार रात 10 बजे के बाद भी तेज संगीत जारी रहता है, जो ध्वनि प्रदूषण (नियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 का स्पष्ट उल्लंघन है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस हेल्पलाइन पर बार-बार शिकायत करने के बावजूद कई मामलों में देर रात तक शोर बंद नहीं कराया जाता।





इस शोर-शराबे का असर केवल छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों, कामकाजी लोगों और पास स्थित एक सिविल डिस्पेंसरी पर भी पड़ रहा है। निवासियों का कहना है कि इससे उनके स्वास्थ्य और शांतिपूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है।

# इंफ्लूएंसर और शू कारोबारी प्रिंकल लुधियाना को हाईकोर्ट से नहीं मिल सकी जमानत, 10 मार्च को होगी अगली सुनवाई

लुधियाना/यूटर्न/5 फरवरी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्दावली का प्रयोग करने के आरोप में जेल में बंद लुधियाना के इंफ्लूएंसर और शू कारोबारी प्रिंकल लुधियाना को अभी माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिल सकी है। पिछले कुछ महीने से प्रिंकल कपूरथला जेल में बंद है। दरअसल, प्रिंकल लुधियाना पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्दावली का प्रयोग करने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। जिसके चलते उसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय अदालत के आदेशों पर जेल भेज दिया था। प्रिंकल द्वारा जिला सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जिसे अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया। जिसके बाद प्रिंकल ने अपने एडवोकेट के जरिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की। जिसकी सुनवाई 30 जनवरी को हुई। प्रिंकल लुधियाणा की ओर से उसके वकील पेश हुए और उन्होंने अदालत में उसकी जमानत के लिए बहस की। वहीं दूसरी ओर एडवोकेट गगनप्रीत सिंह ने प्रिंकल लुधियाणा द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों का हवाला दिया। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद माननीय अदालत द्वारा प्रिंकल लुधियाना को अभी जमानत नहीं दी है। अदालत की और से केस की अगली सुनवाई 10 मार्च 2026 को की जाएगी।





### पेशी के दौरान पुलिस ने किया था गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार एडवोकेट गगनप्रीत सिंह की और से सोशल मीडिया पर गलत शब्दावली प्रयोग करने पर प्रिंकल के खिलाफ 2022 में थाना सराभा नगर में मामला दर्ज करवाया था। उक्त मामले में पुलिस द्वारा अगस्त 2025 में प्रिंकल को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि उक्त मामले में 30 अगस्त को उसे जमानत मिल गई थी। एडवोकेट गगनप्रीत सिंह का आरोप था कि प्रिंकल ने जमानत पर आने के बाद फिर सोशल मीडिया पर गलत शब्दावली प्रयोग की और असलह दिखाया। इस मामले में थाना डिवीजन नंबर पांच की पुलिस ने प्रिंकल के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने 19 सितंबर को प्रिंकल को कोर्ट में पेशी भुगतने के दौरान गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद से वह जेल में बंद है।

# ढकोली सरकारी अस्पताल में मरीज से मारपीट का आरोप, आवारा कुत्ते के काटने के बाद इलाज को पहुंचा था युवक





जीरकपुर, यूटर्न, 05 फरवरी। ढकोली स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे एक युवक के साथ डॉक्टर और उसके सहकर्मी द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आवारा कुत्ते के काटने के बाद एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने आए युवक की कथित रूप से जमकर पिटाई की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा साझा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा निवासी सचिन डोगरा ट्राईसिटी की एक निजी कंपनी में कार्यरत है और जीरकपुर के गाजीपुर रोड पर रहता है। सचिन ने बताया कि बुधवार देर शाम वह किसी काम से वीआईपी रोड स्थित आर्बिट अपार्टमेंट के पास गया था, जहां एक आवारा कुत्ते ने उसके पैर में काट लिया। रात अधिक होने के कारण उसने घरेलू उपचार किया और अगले दिन ढकोली के सरकारी अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने पहुंचा।

सचिन के अनुसार पर्ची बनवाने के बाद वह मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश कुमार के पास गया, जहां उससे आयुष्मान कार्ड दिखाने को कहा गया। आयुष्मान कार्ड न होने पर उसे कमरा नंबर छह में इंजेक्शन लगवाने के लिए भेज दिया गया। वहां मौजूद डॉक्टर ने यह कहते हुए वापस भेज दिया कि कुत्ते के काटने के मामलों में पहले फाइल बनती है। अस्पताल स्टाफ की इस टालमटोल से परेशान होकर सचिन ने अपनी पर्ची फाड़ दी और इलाज न करवाने की बात कहते हुए अस्पताल से बाहर निकल गया।

आरोप है कि इसके बाद मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश कुमार ने एक कर्मचारी को भेजकर उसे दोबारा अंदर बुलवाया और पर्ची फाड़ने पर माफी मांगने को कहा। सचिन का कहना है कि माफी मांगने से इनकार करने पर डॉक्टर और उसके सहकर्मी ने उसे पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टर और उसके सहकर्मी ने उसके सिर के पीछे कांच की वस्तु से वार किया, जिससे उसे गंभीर चोट आई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

गौरतलब है कि ढकोली के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी है, जिसके चलते स्वास्थ्य सुविधाएं पहले ही सीमित हैं और अधिकांश मरीजों को उपचार के बजाय रेफर किया जाता है। ऐसे में अस्पताल में हुई इस कथित घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामला मेरे संज्ञान में आ चुका है। दोनों पक्षों को शुक्रवार को कार्यालय बुलाया गया है। बयान दर्ज करने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

— गगनदीप सिंह शेरगिल, एसएमओ, सीएचसी ढकोली

Uturn Time 06 Feb 2026_Layout 2 05-02-2026 23:04 Page 8



# सियासी दलों की खींचतान में आम जनता हाशिये पर, आम आदमी सरकार ने काम करके दिखाया - लोक नजर

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 5 फरवरी। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों में अभी करीब दस महीने का समय बाकी है, लेकिन उससे पहले ही राजनीतिक दलों के बीच सत्ता की कुर्सी को लेकर जंग तेज हो चुकी है। इस सियासी लड़ाई में एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार और कीचड़ उछाल ने आम आदमी से जुड़े असली और जमीनी मुद्दों को पूरी तरह हाशिये पर धकेल दिया है।

मिशन 2027 के तहत यदि स्वतंत्र और छोटी पार्टियों को अलग कर दिया जाए, तो इस बार चुनावी मुकाबला पाँच-कोणीय होने जा रहा है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप की इस जंग में कोई भी दल या नेता पीछे रहने को तैयार नहीं है। हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भाजपा मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच हुए शब्दों के तीखे वारझ पलटवार ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में सियासत का स्तर और गिर सकता है।

शुरूआत में राजनीतिक हमले हल्के-फुल्के तंज तक सीमित थे, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, सियासी दल भाषा की मयार्दा लांघते नजर आ रहे हैं। पहले आम आदमी पार्टी,



शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस के बीच ही सियासी टकराव देखने को मिलता था, लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी भी इस जुबानी जंग में पूरी तरह कूद चुकी है। हैरानी की बात यह है कि पंजाब जैसे सभ्य और सांस्कृतिक राज्य में ऐसे शब्दों का प्रयोग हो रहा है, जो न तो राजनीति को शोभा देते हैं और न ही समाज को।

मौजूदा हालात यह हैं कि विपक्षी दलों को पंजाब सरकार की हर नीति और हर फैसले में खामी नजर आ रही है, जबकि सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेता भी विरोधियों को जवाब देने में सख्त तेवर अपनाए हुए हैं।

असल में होना यह चाहिए था कि विपक्ष जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरता और जन आंदोलन खड़ा करता, लेकिन यहां तो नकारात्मक प्रचार और एक-दूसरे को नीचा दिखाने को ही राजनीति का सबसे बड़ा हथियार बना लिया गया है। कोई किसी को झूठा बता रहा है, तो कोई अनावश्यक विशेषणों के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है। इस सबका सबसे ज्यादा नुकसान आम जनता को हो रहा है, जो इन सियासी तमाशों से त्रस्त है।

तरनतारन उपचुनाव के बाद से राजनीतिक दलों के बीच आरोपों की जो जंग शुरू हुई, वह थमने का नाम नहीं ले रही। कोई नेता सोशल मीडिया पर बयानबाजी कर रहा है, तो कोई सीधे मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखे हमले बोल रहा है। चिंताजनक बात यह है कि इन बयानों का जवाब भी उसी स्तर और उसी भाषा में दिया जा रहा है।

यदि निष्पक्ष रूप से देखा जाए, तो पंजाब सरकार ने जनहित में कई अहम काम करके दिखाए हैं। आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिली हैं। सरकारी अस्पतालों और सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने के प्रयास भी सामने आए हैं। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं कि सरकार हर मोर्चे पर सफल रही है। नशा, गैंगस्टरवाद जैसी गंभीर समस्याएं अब भी चुनौती बनी हुई हैं और इन पर और ठोस काम की जरूरत है।

दूसरी ओर, आम जनता की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। शहरों में सीवरेज व्यवस्था और पीने के साफ पानी की कमी है। खेती पर आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुरी तरह कमजोर हो चुकी है, जिससे सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। कैंसर, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी आज पंजाब के लिए बड़ी चिंता का विषय हैं।

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय जनता के असली मुद्दों पर ध्यान दें। वरना सियासी शोर में दबकर आम आदमी की आवाज यूं ही हाशिये पर जाती रहेगी।

# जोन डी में पहली मीटिंग में ही कमिश्नर नीरू कत्याल का बड़ा एक्शन, बिल्डिंग स्टाफ से वापस होगा सीडीसी चार्ज

लुधियाना, यूटर्न,05 फरवरी। नगर निगम कमिश्नर नीरू कत्याल की ओर से जोन-डी में बिल्डिंग ब्रांच के साथ रखी गई पहली इंट्रोडक्शनरी मीटिंग में ही बड़े फैसले लेने की तैयारी कर ली गई है। बैठक में कमिश्नर ने स्पष्ट कर दिया कि अब बिल्डिंग इंस्पेक्टरों और हेड ड्राफ्टमैन स्तर के कर्मचारियों से सीडीसी चार्ज वापस लिया जाएगा और आगे से यह जिम्मेदारी केवल पक्के एटीपी संभालेंगे।

कमिश्नर नीरू कत्याल ने बिल्डिंग ब्रांच के कर्मचारियों को टीम भावना से काम करने के निर्देश भी दिए। इस मीटिंग में एडिशनल कमिश्नर एवं बिल्डिंग ब्रांच इंचार्ज परमपाल खैहरा, एमटीपी विजय कुमार और सभी एटीपी मौजूद रहे। कमिश्नर ने बताया कि सीडीसी चार्ज वापस लेने को लेकर सरकार की चिट्ठी निगम को मिल चुकी है और उसी के तहत आगे की योजना बनाई जाएगी।

बैठक में सबसे पहले एटीपी चार्ज देख रहे स्टाफ और पक्के एटीपी का इंट्रोडक्शन



किया गया। साथ ही निगम की बिल्डिंग ब्रांच की रिकवरी तेज करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि लोकल गवर्नमेंट के सीवीओ सेल से जुड़ी सैकड़ों शिकायतें लंबे समय से पेंडिंग हैं, जिनका तुरंत निपटारा जरूरी है। इसके लिए पक्के एटीपी को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे चारों जोनों में तैनात एटीपी से शिकायतों का समाधान करवाएं।

एमटीपी को भी निर्देश दिए गए कि ग्रुप में डाली गई हर बिल्डिंग शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर रिपोर्ट दी जाए। नगर निगम में इस समय छह पक्के एटीपी तैनात हैं, जिनमें हरविंदर सिंह हनी, राजकुमार, रणधीर सिंह, कपिल देव सहित दो अन्य शामिल हैं। वहीं ड्राफ्टमैन और बिल्डिंग इंस्पेक्टर स्तर से सीडीसी चार्ज संभालने वालों में जोन-ए से गुरविंदर पाल सिंह लकी, जोन-सी से नवनीत खोखर और जोन-डी से हेड ड्राफ्टमैन जगदीप सिंह शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि ये सीडीसी चार्ज पूर्व निगम कमिश्नर द्वारा विधायकों की सिफारिश पर दिए गए थे, लेकिन लगातार पंजाब सरकार, लोकल गवर्नमेंट विभाग और मीडिया में शिकायतें आने के बाद अब इस पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सुखबीर बादल के अध्यक्ष रहते समझौता नामुमकिन: ज्ञानी हरप्रीत सिंह का बड़ा बयान

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 5 फरवरी। अकाली दल रिसर्जेंस के प्रेसिडेंट ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने अकाली दल को एक साथ लाने की बिक्रम



मजीठिया की कोशिशों पर रिएक्शन दिया है और साफ किया है कि असली एकता के लिए लीडरशिप में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक सुखबीर सिंह बादल शिरोमणि अकाली दल के प्रेसिडेंट हैं, तब तक किसी भी तरह का समझौता करना मुश्किल है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने जोर देकर कहा कि समझौते कभी भी सत्ता के लालच पर आधारित नहीं होने चाहिए, बल्कि पंथिक उसूलों और सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने मजीठिया की 'एकजुट करने वाली' सोच की तारीफ की, लेकिन अकाली दल के मौजूदा संकट को हल करने के लिए आइडियोलॉजिकल क्लैरिटी की मांग की।

## बुजुर्ग दंपती की गिरफ्तारी पर बवाल, काली चुन्नियां लेकर SSP कार्यालय के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन



नवीन गोगना

जगरांव, यूटर्न, 05 फरवरी। जगरांव के गांव लक्खा में दलित बुजुर्ग दंपती के साथ मारपीट मामले में पुलिस द्वारा उन्हीं पर ही झूठा मामला दर्ज किए जाने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वीरवार को दलित एवं मजदूर महिलाओं ने काली चुन्नियां लेकर एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने एसएसपी कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी करते हुए पुलिस के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ रोष जताया। अवतार सिंह ने बताया कि गांव लक्खा के एक व्यक्ति ने उसी गांव के दलित बुजुर्ग दंपती के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि हमलावर ने अपनी ही उंगली पर खुद चोट मारकर पीड़ित दलित बुजुर्ग दंपती और उनके पड़ोसी, पूर्व दलित सरपंच के खिलाफ धारा 26 के तहत झूठा मामला दर्ज करवाया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि थाना हठूर के एएसआई ने जांच के दौरान पीड़ित बुजुर्ग दंपती के बयान अपनी मर्जी से लिखकर हमलावर पक्ष का समर्थन किया। इतना ही नहीं, पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करते हुए जांच के दौरान ही पीड़ित बुजुर्ग को जेल भेज दिया गया, जिससे जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पेंडू मजदूर यूनियन की नेता बीबी जसबीर कौर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में मांग की गई कि पीड़ित दलित परिवार पर दर्ज झूठा मामला तुरंत रद्द किया जाए और दलित गरीब बुजुर्ग दंपती पर अत्याचार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर पेंडू मजदूर यूनियन के जनरल सेक्रेटरी अवतार सिंह रसूलपुर और जिला प्रधान सुखदेव सिंह माणूंके ने कहा कि अत्याचार के शिकार लोगों पर ही झूठा पुलिस केस दर्ज करना गंभीर अन्याय है। वहीं पेंडू मजदूर यूनियन मशाल के नेता मदन सिंह ने चेतावनी दी कि यदि झूठा मामला रद्द नहीं किया गया तो संगठन के कार्यकर्ता आने वाले संघर्ष करेंगे।

### एसएसपी ने दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

प्रदर्शन के दौरान एसएसपी लुधियाना देहाती ने संगठन के नेताओं और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच और जल्द इंसाफ दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जसवीर कौर, बब्बी कौर, परमजीत कौर, सिमलो कौर सहित कई दलित व मजदूर महिलाएं मौजूद रहीं

Uturn Time 06 Feb 2026_Layout 2 05-02-2026 23:04 Page 9



# बार एसोसिएशन डेराबस्सी की कलम छोड़ हड़ताल, अदालतों का कामकाज पूरी तरह ठप



डेराबस्सी, यूटर्न, 05 फरवरी। बार एसोसिएशन डेराबस्सी द्वारा प्रदेश स्तरीय हड़ताल के आह्वान के तहत मंगलवार को कलम छोड़ हड़ताल की गई, जिसके चलते डेराबस्सी की सभी अदालतों में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा। बार के सभी अधिवक्ताओं ने हड़ताल को पूर्ण समर्थन देते हुए किसी भी प्रकार की अदालती कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया।

बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विक्रमजीत सिंह दप्पर ने बताया कि 4 फरवरी को पंजाब भर की बार एसोसिएशनों के प्रधानों की संयुक्त बैठक में तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान के तहत मामलों के त्वरित निपटारे की प्रक्रिया के कारण अधिवक्ता समुदाय पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है, जिससे निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय प्रदान करना कठिन होता जा रहा है। एडवोकेट दप्पर ने कहा कि जल्दबाजी में मामलों के निपटारे से न केवल वकीलों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिवक्ता न्याय के पक्षधर हैं, लेकिन मौजूदा व्यवस्था में बिना पर्याप्त तैयारी और समय के मामलों का निपटारा न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसल स्कीम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इस योजना का सीधा असर नियमित रूप से प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं की आजीविका पर पड़ रहा है। मुफ्त कानूनी सहायता को लेकर किए जा रहे कथित गलत प्रचार और इसके दुरुपयोग से अधिवक्ता समुदाय में रोष है। इस मुद्दे को लेकर पहले भी हड़ताल की जा चुकी है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

हड़ताल के दौरान बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति के उपप्रधान राम कुमार धीमान, महासचिव इंदरपाल सिंह खारी, संयुक्त सचिव सीमा धीमान, हरप्रीत सिंह सैनी सहित सुच्चा वकील, मित्रपाल सैनी, सुमित गोयल, रविंदर बत्रा, दतिंदर गांधी, बिपिंदरदीप, विश्वजीत, सुमन चौहान, अंजली, अरुणा कुमारी, विवेक वशिष्ठ समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



डेराबस्सी, यूटर्न, 05 फरवरी। श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान विभाग की ओर से 4 फरवरी 2026 को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, शीघ्र निदान तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति छात्रों और समाज को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर संस्थान परिसर में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण और नारा लेखन जैसी विभिन्न छात्र-केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कैंसर जागरूकता, रोकथाम और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़े प्रभावशाली संदेश रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के अध्यक्ष श्री कंवलजीत सिंह ने कहा कि कैंसर से लड़ाई में जागरूकता और शिक्षा सबसे सशक्त हथियार हैं। उन्होंने बताया कि समय पर जांच, स्वस्थ आदतें और सामूहिक सामाजिक प्रयासों से कैंसर के बढ़ते खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वहीं संस्थान के निदेशक श्री दमनजीत सिंह ने छात्रों को जागरूकता का राजदूत बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में सही जानकारी फैलाने और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेताओं को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके पश्चात संस्थान परिसर में छात्रों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन स्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक सेवा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा छात्रों को स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में एसएसएसआईएचएम के प्रधानाचार्य डॉ. कपिल कुमार, एसएसएसआईईटी के प्रधानाचार्य डॉ. जी.एन. वर्मा, अकादमिक मामलों के डीन डॉ. मुकेश वर्मा और एसएससीईएल के प्रधानाचार्य डॉ. रविंदर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मनीमाजरा में गंदगी फैलाने पर एमसी कमिश्नर सख्त

## सेक्टर-26 में निरीक्षण के दौरान पकड़ा गया कूड़ा फेंकता कर्मचारी, सफाई एजेंसी पर भारी जुर्माने के आदेश



चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। नागरिक अनुशासन को लेकर कड़ा संदेश देते हुए चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने मनीमाजरा क्षेत्र में कार्यरत एक सफाई एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और भारी जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई तब की गई जब एजेंसी का एक कर्मचारी सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम कूड़ा फेंकते हुए पकड़ा गया।सेक्टर-26 स्थित सुखना चो के पुल के पास औचक निरीक्षण के दौरान एमसी कमिश्नर ने स्वयं देखा कि एक कर्मचारी वाहन से बोरियों में भरा मलबा और निर्माण एवं ध्वस्तीकरण (C&D) कचरा खाली कर खुले क्षेत्र में फेंक रहा था। मौके पर ही इस कार्रवाई को रुकवाया गया। कूड़ा फेंकते पकड़े गए कर्मचारी की पहचान विकास के रूप में हुई है।

क्षेत्र के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर और हेल्थ सुपरवाइजर द्वारा मौके पर ही उसे चालान किया गया। यह चालान संबंधित सफाई एजेंसी एम/एस भूमिका प्रगति जेवी के नाम से काटा गया, जो मनीमाजरा में सफाई कार्य के लिए नियुक्त है।घटना को गंभीरता से लेते हुए एमसी कमिश्नर ने संबंधित जॉइंट कमिश्नर को एजेंसी के खिलाफ कड़ा जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेकेदार अपने कर्मचारियों की गतिविधियों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होंगे और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अमित कुमार ने कहा कि नगर निगम ठोस कचरा प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाएगा, चाहे संबंधित एजेंसी कोई भी हो। उन्होंने चंडीगढ़ के नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं गंदगी फैलाते या नियमों का उल्लंघन करते हुए कोई नजर आए तो एमसी के व्हाट्सएप नंबर पर फोटो के साथ शिकायत दर्ज कराएं, ताकि दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# रेलवे की ठेका कंपनी पर ईपीएफओ की कार्यवाही 3.50 करोड़ पीएफ का घोटाला जाँच हुए शुरू

सुनील पांडे

लुधियाना / यूटर्न / 05 फरवरी। और भारतीय रेलवे से जुड़ी ठेका कंपनी M/s R.K. Associates & Hoteliers Pvt. Ltd. के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा Employees' Provident Funds & Miscellaneous Provisions Act, 1952 की धारा 7A के तहत जांच कार्यवाही तेज कर दी गई है। यह कार्रवाई कर्मचारी मनमोहन कुमार द्वारा की गई शिकायतों और उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर की जा रही है।

EPFO के क्षेत्रीय कार्यालय नोएडा द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, कंपनी पर जनवरी 2022 से अगस्त 2024 की अवधि के लिए लगभग 3,50,58,750 (तीन करोड़ पचास लाख अट्ठावन हजार सात सौ पचास रुपये) के पीएफ एवं संबद्ध अंशदान बकाया का प्रथम दृष्टया आकलन किया गया है। यह आकलन EPFO के प्रवर्तन अधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर सामने आया है।



मामले में आगे की जांच के दौरान, मनमोहन कुमार की शिकायतों और रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए EPFO ने Revised Notice जारी किया है। संशोधित नोटिस में जांच की अवधि को फरवरी 2021 से आगे तक बढ़ा दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह कदम शिकायतकर्ता द्वारा उठाए गए बिंदुओं और दस्तावेजों की गंभीरता को देखते हुए उठाया गया है। EPFO ने कंपनी को निर्देश दिए हैं कि वह कर्मचारियों से जुड़े नियुक्ति पत्र, जॉइनिंग रिकॉर्ड, वेतन रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर, भुगतान वाउचर, फॉर्म-11 सहित अन्य वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करे, ताकि वास्तविक देयताओं का सही निर्धारण किया जा सके। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कंपनी जांच में सहयोग नहीं करती है, तो कानून के तहत एक्स-पार्टी कार्यवाही की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि संबंधित कंपनी IRCTC और रेलवे के ठेका कार्यों से जुड़ी हुई है और बड़ी संख्या में श्रमिकों को नियुक्त करती है। ऐसे में पीएफ से संबंधित अनियमितताओं का मामला सामने आना श्रमिक हितों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। फिलहाल यह पूरा मामला EPFO के समक्ष धारा 7A की न्यायिक जांच प्रक्रिया के अधीन है। अंतिम देयता और जिम्मेदारी का निर्धारण EPFO द्वारा सभी पक्षों को सुनने और रिकॉर्ड की जांच के बाद किया जाएगा। आगे की कार्यवाही और आदेश पर सभी की नजर बनी हुई है।

# वार्ड नंबर 20 हल्लोमाजरा एवं दीप कॉम्प्लेक्स की समस्याओं को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने महापौर को सौंपा ज्ञापन





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। भारतीय जनता युवा मोर्चा चंडीगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय कुमार झा ने आज वार्ड नंबर 20 के हल्लोमाजरा एवं डीप कॉम्प्लेक्स क्षेत्रों में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर नगर निगम चंडीगढ़ के माननीय महापौर को ज्ञापन सौंपा। अभय झा ने बताया कि हल्लोमाजरा और डीप कॉम्प्लेक्स में सीवरेज ओवरफ्लो, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है।

दोनों ही क्षेत्रों में प्रतिदिन सीवरेज का ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे लगभग हर गली और सड़क पर गंदा पानी फैला रहता है। इसके कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि लगातार सीवरेज ओवरफ्लो के चलते गंदा व दूषित पानी लोगों के घरों में घुस रहा है, जिससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं और आए दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई परिवार अपने मकान बेचकर अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित होने को मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि इन अस्वस्थ और असुरक्षित परिस्थितियों में रहना उनके लिए संभव नहीं रह गया है।

अभय झा ने कहा कि यह समस्या जनस्वास्थ्य एवं जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। उन्होंने महापौर से आग्रह किया कि इस विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएं, ताकि सीवरेज, पेयजल एवं सफाई से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान जल्द से जल्द किया जा सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नगर निगम प्रशासन इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर शीघ्र और ठोस कार्रवाई करेगा।

# चंडीगढ़ में पहली बार होगा नेत्रहीन महिला त्रिकोणीय क्रिकेट टूनार्मेंट 2026

## 7-8 फरवरी को GMSSSS ग्राउंड सेक्टर-26 में होंगे मुकाबले



चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। नेत्रहीन महिलाओं को खेल के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द विजुअली चैलेंज्ड पर्सन्स (चंडीगढ़) और इंस्टीट्यूट फॉर द ब्लाइंड, सेक्टर-26 के संयुक्त तत्वावधान में नेत्रहीन महिला त्रिकोणीय क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 का आयोजन 7 और 8 फरवरी को किया जा रहा है। टूनार्मेंट के मुकाबले ऋट्टरसर ग्राउंड, टिम्बर मार्केट के पास, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में खेले जाएंगे।

सेक्टर-10 में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के स्टेट डायरेक्टर पुनीत छाबड़ा ने जानकारी दी कि यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट पहली बार चंडीगढ़ में आयोजित किया जा रहा है, जो शहर के लिए गर्व का विषय है। इस टूनार्मेंट में चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली की टीमें भाग लेंगी, जो सभी क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (CABI) से संबद्ध हैं। चंडीगढ़ टीम की कप्तानी जिया करेंगी।आयोजन का मुख्य उद्देश्य नेत्रहीन महिलाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने का मंच प्रदान करना, उनमें आत्मविश्वास पैदा करना और समाज में समावेशन व सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

इस टूनार्मेंट का ऑफिशियल मीडिया पार्टनर 'चंडीगढ़ दिनभर' है। टूनार्मेंट का आयोजन दिनेश कुमार कपिला (मुख्य संरक्षक), सुपर्णा सचदेवा (संरक्षक सदस्य), राकेश शर्मा (संरक्षक सदस्य), भगवान सिंह भंडारी (अध्यक्ष), अश्वनी कुमार शर्मा (उपाध्यक्ष), सुखबीर सिंह (महासचिव) और हरलीन कौर (संयुक्त सचिव) के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया जा रहा है।आयोजक संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से नेत्रहीन महिलाओं में आत्मबल, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, साथ ही समाज में समानता और समावेश के मूल्यों को मजबूती मिलती है। टूनार्मेंट का उद्घाटन समारोह 7 फरवरी को सुबह 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्री हरचंद सिंह, चेयरमैन, पंजाब मंडी बोर्ड मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।आयोजकों ने खेल प्रेमियों, शिक्षण संस्थानों और आम जनता से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

# सेक्टर-15 में संदिग्ध हालात में युवती की मौत, सर्वेंट क्वार्टर से मिली 18 वर्षीय घरेलू सहायिका की लाश

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। शहर के सेक्टर-15 स्थित एक रिहायशी मकान में गुरुवार तड़के घरेलू सहायिका की मौत का मामला सामने आया है, जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मकान के सर्वेंट क्वार्टर में 18 वर्षीय युवती का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है।मृतका की पहचान शिवानी के रूप में हुई है, जो जीरकपुर के पीरमुछल्ला इलाके की रहने वाली थी।

वह पिछले करीब एक माह से उक्त मकान में काम कर रही थी और वहीं सर्वेंट क्वार्टर में रह रही थी। जानकारी के अनुसार गुरुवार तड़के करीब एक बजे मकान मालिक के परिजनों की नजर सर्वेंट क्वार्टर में लटके शव पर पड़ी, जिसके बाद तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी लेकर युवती का मोबाइल फोन और एक डायरी बरामद की है।

# अमृतसर में दो हैंड ग्रेनेड बरामद, लुधियाना की रहने वाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 05 फरवरी। अमृतसर शहरी पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियों (यूएपीए) और आर्म्स एक्ट से जुड़े गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी रंजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद लंबे समय से फरार था। आरोपी से दो हैंड ग्रेनेड और पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि रंजीत सिंह बठिंडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर की हत्या के मामले में भी वांछित था। इस प्रकरण में उसके साथ सह-आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरों का नाम भी सामने आया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह पहले भी हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। रंजीत सिंह पर अमृतसर के गोल्डन टेंपल के पास हेरिटेज स्ट्रीट क्षेत्र में प्रतिमाओं के साथ तोड़फोड़ की घटना में संलिप्तता के आरोप भी हैं। पुलिस का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक शांति और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनती हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अमृतसर ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब उसके नेटवर्क, सहयोगियों और अन्य आपराधिक मामलों से जुड़े संबंधों की जांच कर रही है। संबंधित मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। संगठित अपराध और सार्वजनिक सुरक्षा को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए लगातार निगरानी और जांच की जा रही है।



# हरियाणा 15 लाख से ज्यादा कोर्ट केस से जूझ रहा है, 108 न्यायिक अधिकारी जल्द ही पदभार संभालेंगे

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। हरियाणा में 108 नए नियुक्त न्यायिक अधिकारी अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हो रही है जब हरियाणा 15 लाख से ज्यादा पेंडिंग मामलों से जूझ रहा है, जिसमें लगभग 11,00,000 आपराधिक मामले शामिल हैं जो सीधे जीवन और स्वतंत्रता से जुड़े हैं। भारत के सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा करेंगे, और अकादमी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के जज-सह-अध्यक्ष जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी भी मौजूद रहेंगे। यह न्यायिक अकादमी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू के संरक्षण में काम करती है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में जस्टिस सेठी अध्यक्ष हैं, साथ ही पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस अनूप चिटकारा, जस्टिस सुवीर सहगल, जस्टिस विनोद एस भारद्वाज और जस्टिस जगमोहन बंसल भी शामिल हैं। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड से मिली जानकारी से पता चलता है कि अकेले आपराधिक मामले कुल पेंडिंग मामलों का लगभग तीन-चौथाई हैं, जो न्याय व्यवस्था पर दबाव और मजबूत न्यायिक कर्मचारियों की तत्काल आवश्यकता को दिखाता है। यह संख्यात्मक प्रतिनिधित्व बिल्कुल भी मामूली नहीं है, खासकर जब मामले के मानवीय पहलू पर विचार किया जाता है। पीढ़ियों तक चलने वाली लंबी कानूनी लड़ाइयाँ इसमें शामिल व्यक्तियों और परिवारों पर भारी पड़ती हैं। इन मामलों की लंबी प्रकृति पार्टियों पर काफी वित्तीय और भावनात्मक बोझ डालती है। इसके अलावा, कोर्ट केस के लंबे समय तक चलने वाले समाधान से गंभीर परिणाम हो सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो कानूनी विवादों में मुआवजा, निवारण या समाधान चाहते हैं। अनसुलझे मामले कानूनी प्रणाली में बढ़ते बैकलॉग में योगदान करते हैं, जिससे इसकी समग्र दक्षता में बाधा आती है।



# थाना सेक्टर-34 से चंद कदम दूर चोरी की बेखौफ वारदात

## दुकानों में घुसे 7 युवक, पहले खाया-पिया फिर उड़ाया नकद व सामान, CCTV में कैद

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। शहर में चोरी की घटनाएं अब इस कदर बेपरवाह हो चुकी हैं कि चोरों को न पुलिस का डर है और न ही थाने की नजदीकी का। सेक्टर-34 थाना क्षेत्र से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित बूथ मार्केट में तड़के चार दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। हैरानी की बात यह रही कि चोरों ने एक दुकान में चोरी करने से पहले बैठकर आराम से खाना-पीना भी किया।

यह पूरी घटना पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। बूथ मार्केट स्थित आनंद इलेक्ट्रॉनिक्स के दुकानदार के अनुसार, सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो ताले टूटे हुए थे। अंदर से टॉर्च, ब्लूटूथ डिवाइस और तारों के बंडल गायब मिले। चोरी हुआ सामान की अनुमानित कीमत 13-14 हजार रुपए बताई जा रही है।





### स्टेशनरी दुकान बची, लेकिन ताले टूटे

चोरों ने पास की शिवा स्टेशनरी के भी दोनों ताले तोड़ दिए, हालांकि अंदर लगे सेंटर लॉक के चलते वहां से कोई सामान चोरी नहीं हो सका। शू-कैफे-34 से करीब 10 हजार रुपए नकद चोरी होने की सूचना है। वहीं सबसे चौंकाने वाली घटना एक फास्ट फूड की दुकान में सामने आई, जहां चोरों ने न सिर्फ नकदी और सामान चुराया बल्कि दुकान में रखी नमकीन खाई, कोल्ड ड्रिंक पी और मौके पर ही 'पार्टी' कर डाली। इस दुकान से करीब 10 हजार रुपए नकद, तीन चाकू, एक टैबलेट और एक मोबाइल फोन चोरी हुआ है।

### चोरों को थी दुकानों के समय की पूरी जानकारी

दुकानदार संजय ने बताया कि मार्केट की एक दुकान रात करीब एक बजे बंद होती है, जबकि दूसरी सुबह चार बजे। इसके तुरंत बाद ही चोरों का मार्केट में पहुंचना यह दशार्ता है कि उन्हें दुकानों के खुलने-बंद होने का पूरा शेड्यूल पहले से पता था।

### CCTV में 7 चोर, चेहरे खुले, हाथ में लोहे का हथियार

पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कुल 7 युवक वारदात में शामिल थे। एक युवक के हाथ में लोहे का हथियार भी नजर आ रहा है।चोर दो एक्टिवा पर सवार होकर आए एक पर चार और दूसरी पर तीन युवक। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था और न ही चेहरा छिपाने की कोशिश की गई।फुटेज में यह भी दिखता है कि चोर पहले दुकानों के बाहर रखा सामान चेक करते हैं, फिर बोरे में सामान भरते हुए ताले तोड़कर अंदर घुसते हैं और चोरी के बाद आराम से फरार हो जाते हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है, लेकिन थाने के पास हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# हरियाणा 15 लाख से ज्यादा कोर्ट केस से जूझ रहा है, 108 न्यायिक अधिकारी जल्द ही पदभार संभालेंगे

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। हरियाणा में 108 नए नियुक्त न्यायिक अधिकारी अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हो रही है जब हरियाणा 15 लाख से ज्यादा पेंडिंग मामलों से जूझ रहा है, जिसमें लगभग 11,00,000 आपराधिक मामले शामिल हैं जो सीधे जीवन और स्वतंत्रता से जुड़े हैं। भारत के सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।




इसकी अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा करेंगे, और अकादमी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के जज-सह-अध्यक्ष जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी भी मौजूद रहेंगे। यह न्यायिक अकादमी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू के संरक्षण में काम करती है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में जस्टिस सेठी अध्यक्ष हैं, साथ ही पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस अनूप चिटकारा, जस्टिस सुवीर सहगल, जस्टिस विनोद एस भारद्वाज और जस्टिस जगमोहन बंसल भी शामिल हैं। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड से मिली जानकारी से पता चलता है कि अकेले आपराधिक मामले कुल पेंडिंग मामलों का लगभग तीन-चौथाई हैं, जो न्याय व्यवस्था पर दबाव और मजबूत न्यायिक कर्मचारियों की तत्काल आवश्यकता को दिखाता है। यह संख्यात्मक प्रतिनिधित्व बिल्कुल भी मामूली नहीं है, खासकर जब मामले के मानवीय पहलू पर विचार किया जाता है। पीढ़ियों तक चलने वाली लंबी कानूनी लड़ाइयाँ इसमें शामिल व्यक्तियों और परिवारों पर भारी पड़ती हैं। इन मामलों की लंबी प्रकृति पार्टियों पर काफी वित्तीय और भावनात्मक बोझ डालती है। इसके अलावा, कोर्ट केस के लंबे समय तक चलने वाले समाधान से गंभीर परिणाम हो सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो कानूनी विवादों में मुआवजा, निवारण या समाधान चाहते हैं।

# खालसा कॉलेज ने नॉर्थ जोन में थिएटर और क्विज में विशेष उपलब्धि हासिल की

अमृतसर, यूटर्न, 05 फरवरी। खालसा कॉलेज अमृतसर की थिएटर और क्विज टीमों ने 39वें ए.आई.यू के अंतर विश्वविद्यालय नॉर्थ जोन युवा महोत्सव 2026 में जी.एन.डी.यू का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्य डॉ. आतम सिंह रंधावा ने छात्रों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि थिएटर के क्षेत्र में कॉलेज की समृद्ध परंपराओं ने पंजाब के थिएटर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। युवा कल्याण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के निदेशक डॉ. देवेंद्र



सिंह ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि कॉलेज की टीमों ने नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में थिएटर ट्रॉफी और क्विज ट्रॉफी जीती, जिसमें कॉलेज की टीम ने माइम, स्किट और मिमिक्री में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कंटीजेंट इंचार्ज डॉ. सुरजीत कौर ने यह भी बताया कि कॉलेज के एकांकी नाटक को, जो बाईस विश्वविद्यालयों में से चौथे स्थान पर रहा, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एन एस डी) द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिता 'अद्वितीय-2026' के लिए भी चुना गया है। डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. दीपक देवगन के अलावा, डॉ. सावंत सिंह, मेंटर्स प्रो. गुरप्रीत सिंह, प्रो. हरमनप्रीत सिंह और प्रो. सुखवीर सिंह, थिएटर इंस्ट्रक्टर मार्कस और साजन सिंह भी उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश के चलते पंजाब में AAP सरपंच की हत्या: गांव के पूर्व सरपंच ने तेजधार हथियारों से काट डाला, सेना से रिटायर था गुरभेज

नवीन गोगना



तरनतारन, युटर्न, 05 फरवरी। पंजाब के तरनतारन में आम आदमी पार्टी (आप) के सरपंच की हत्या की सनसनीखेज वारदात हुई है। तरनतारन के गांव चीमा खुर्द में आप के सरपंच गुरभेज सिंह की तेजधार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी गई। इस वारदात को अंजाम किसी और ने नहीं,बल्कि पुरानी रंजिश के चलते आप पार्टी से संबंधित पूर्व सरपंच शरनजीत सिंह ने अपने साथियों से मिलकर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पड़ताल शुरू कर दी है। सीमांत गांव चीमा खुर्द से संबंधित शरनजीत सिंह कांग्रेस के कार्यकाल दौरान गांव का सरपंच रह चुका है। बाद में उसने आप ज्वाइन कर ली। पंचायती चुनाव के दौरान शरनजीत सिंह ने पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने लिए आवेदन दिया, लेकिन गांव वालों की सहमति से गुरभेज सिंह के नाम चुना गया। बता दें कि गुरभेज सिंह सेना से सेवानिवृत होकर समाज सेवा का कार्य करता था। जिसके कारण गुरभेज सिंह गांव में लोकप्रिय हो गया था। वह सरपंच बना तो पूर्व सरपंच शरनजीत सिंह ने जमकर विरोध किया। एक ही पार्टी में होने के बावजूद दोनों के बीच आपस में छत्तीस का आंकड़ा रहा। वीरवार की दोपहर को गांव के चोराहे में गुरभेज सिंह पर पूर्व सरपंच शरनजीत सिंह ने साथियों से मिलकर तेजधार हथियारों से हमला कर उसे बुरी तरह से काट डाला। हमले में गंभीर घायल होने से सरपंच को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। डीएसपी (आई) जगजीत सिंह चहल मौके पर पहुंचे। सरपंच के भाई गुरचेत सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।



# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कनाडाई प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, निवेश व कौशल विकास पर बनी मजबूत साझेदारी



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में अल्बर्टा कनाडा के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को साथ सामूहिक चित्र में। (05.02.2026)

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित उनके आवास 'संत कबीर कुटीर' में कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अहम बैठक में हरियाणा और कनाडा के बीच निवेश, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई देने पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा वैश्विक सहयोगों का केंद्र बन रहा है। अंतरराष्ट्रीय साझेदारी से प्रदेश में आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप संस्कृति, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को गति मिलती है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में हरियाणा के छात्र कनाडा में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।

श्री नायब सिंह सैनी ने आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार द्विपक्षीय सहयोग, शैक्षणिक आदान-प्रदान और निवेश को पूरा संस्थागत समर्थन देगी। विदेश सहयोग विभाग विदेशी निवेश और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करने पर लगातार काम कर रहा है। बैठक में हरियाणा में कनाडाई विश्वविद्यालयों के परिसर स्थापित करने, फैकल्टी एक्सचेंज और संयुक्त शोध कार्यक्रम शुरू करने पर भी विचार हुआ। अल्बर्टा की मंत्री राजन साहनी ने हरियाणा की उद्योग-अनुकूल नीतियों और मानव संसाधन क्षमता की सराहना की।

इसके साथ ही ऊर्जा, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स और मुक्त व्यापार क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि आधारित उद्योगों में निवेश के लिए कनाडाई प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कनाडाई प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की, अल्बर्टा-पंजाब आर्थिक सहयोग को मिली नई दिशा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 फरवरी। पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब भवन में कनाडा के अल्बर्टा प्रांत से आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। नई दिल्ली स्थित कनाडा उच्चायोग के अनुरोध पर आयोजित इस बैठक में पंजाब और अल्बर्टा के बीच आर्थिक सहयोग, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

कनाडाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अल्बर्टा सरकार की स्वदेशी संबंधों की मंत्री राजन साहनी ने किया। उनके साथ प्रीमियर कार्यालय के स्टेकहोल्डर्स एडमिनिस्ट्रेटर जतिंदर सिंह ततला, वरिष्ठ सलाहकार हैप्पी मान, कार्यवाहक संचालन निदेशक जेनेवीव टरकोट, जग रूप कलों, जसविंदर ग्रेवाल और पुनीत कुमार गोयल शामिल थे।

बैठक के दौरान इन्वेस्ट पंजाब के अधिकारियों ने वीडियो व पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से राज्य में उपलब्ध निवेश अवसरों, औद्योगिक ढांचे और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए किए जा रहे सुधारों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल को विनिर्माण, ऊर्जा, कृषि



आधारित उद्योग, लॉजिस्टिक्स और तकनीकी क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं से अवगत कराया गया। मंत्री राजन साहनी ने कहा कि कनाडाई प्रतिनिधिमंडल इन्वेस्ट पंजाब की कार्यप्रणाली को समझने के लिए उत्सुक है और पंजाब सरकार की उद्योग समर्थक नीतियां सराहनीय हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 'इंडिया एनर्जी वीक' से जुड़े व्यापक भारत मिशन का हिस्सा है और प्रौद्योगिकी व नवाचार ऐसे क्षेत्र हैं जहां दोनों पक्ष मिलकर आगे बढ़ सकते हैं। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सतत विकास पर केंद्रित नवाचार-प्रेरित वैश्विक सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां केवल व्यापार तक सीमित न होकर साझा समृद्धि और दीर्घकालिक विकास पर आधारित हों। इस अवसर पर मिल्कफेड चेयरमैन नरेंद्र सिंह शेरगिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर, उद्योग सचिव महेंद्र पाल, इन्वेस्ट पंजाब के अतिरिक्त सीईओ रुबिंदरजीत सिंह बराड़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मान सरकार का बड़ा फैसला: अनाथ और दृष्टिबाधित छात्रों की ITI फीस पूरी तरह माफ

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 05 फरवरी। समाज के कमजोर तबके को मजबूत बनाने के मकसद से एक बड़ा जनहितैषी फैसला लेते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में पंजाब सरकार ने सरकारी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (ITI) में कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA-VI) ट्रेड में एडमिशन लेने वाले



अनाथ और कमजोर नजर वाले स्टूडेंट्स की ट्रेनिंग फीस माफ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बारे में फाइल को मंजूरी देने के बाद फैसले की पुष्टि करते हुए, पंजाब के फाइनेंस मिनिस्टर हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह कदम भगवंत मान सरकार के इस पक्के वादे को दिखाता है कि पैसे की तंगी कभी भी जरूरतमंद स्टूडेंट्स की प्रोफेशनल तरक्की में रुकावट नहीं बननी चाहिए। फाइनेंस मिनिस्टर ने बताया कि अनाथालयों और कमजोर नजर वाले बच्चों के लिए बनाए गए स्कूलों से आने वाले स्टूडेंट्स अब 'COPA-VI' ट्रेड के लिए 100 परसेंट फीस माफी के लिए एलिजिबल होंगे। यह फायदा अभी यह कोर्स चलाने वाले 9 सरकारी इंस्टिट्यूट में लागू किया जाएगा। इस फैसले के पीछे का कारण बताते हुए, फाइनेंस मिनिस्टर हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि हालांकि फीस माफी से रेवेन्यू पर असर पड़ेगा, लेकिन सरकार इसे फाइनेंशियल बोझ के बजाय ह्यूमन कैपिटल में एक बड़ा इन्वेस्टमेंट मानती है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी, 2026 को हुई बजट मीटिंग में इस प्रपोजल पर डिटेल में चर्चा हुई थी, जहाँ संबंधित एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंट की सिफारिश की जाँच के बाद, यह पक्का करने के लिए जरूरी मंजूरी दी गई थी कि टेक्निकल एजुकेशन समाज के सभी वर्गों के लिए आसानी से उपलब्ध रहे। फाइनेंस मिनिस्टर हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा कि उनकी सरकार पंजाब को स्किल डेवलपमेंट और डिजिटल लिटरेसी में लीडर बनाने के लिए डेडिकेटेड है। उन्होंने कहा कि 'COPA-VI' ट्रेड में हमारी स्पेशल जरूरतों और अनाथ युवाओं के लिए फाइनेंशियल बोझ को हटाकर, पंजाब सरकार उन्हें टेक्निकल स्किल्स सीखने और तेजी से बढ़ते IT सेक्टर में सम्मानजनक नौकरी पाने के लिए बराबर का मौका दे रही है।

# साइबर क्राइम पुलिस लुधियाना द्वारा ऑनलाइन जुआ चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

लुधियाना, यूटर्न, 05 फरवरी। पुलिस आयुक्त लुधियाना श्री स्वप्न शर्मा, आईपीएस के दिशा-निदेर्शों के अनुसार तथा श्री हरपाल सिंह, पीपीएस, उप पुलिस आयुक्त (जांच) लुधियाना और श्री वैभव सहगल, पीपीएस, अतिरिक्त उप पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) लुधियाना की मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस आयुक्त, पीबीआई, आर्थिक अपराध एवं साइबर क्राइम लुधियाना की देखरेख में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लुधियाना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड की गई एक पोस्ट का संज्ञान लिया गया। Media में खुलासा हुआ कि शैलेश नामक व्यक्ति, निवासी लुधियाना, कथित रूप से "Bigg Daddy Casino" नामक ऑनलाइन जुआ प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहा था। जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति अपने मोबाइल नंबरों का उपयोग करते हुए तथा टेलीग्राम अकाउंट @Shaileshdabng के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन जुआ ग्रुप से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहा था। प्राप्त जानकारी के आधार पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए, साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लुधियाना द्वारा एफआईआर नंबर 11 दिनांक 03.02.2026 को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) तथा जुआ अधिनियम की धाराएं 13/3/67 के तहत दर्ज किया गया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372